

jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

अनमोल वचन

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 291 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, शनिवार 07 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913



द-बर्निंग ट्रेन बनी अमृतसर जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस, सवारियों में मची भगदड़









- कुछ ही देर में लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब में अमृतसर जा रही ट्रेन एक बड़े हादसे का शिकार हो गई। पटियाला के राजपुरा में कर्मभूमि एक्सप्रेस पैसेंजर ट्रेन के चार डिब्बों में अचानक आग लग गई। शुरुआती तौर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन कुछ ही देर में लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग का पता चलते ही लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोक दी, जिसके बाद यात्रियों ने नीचे उतरकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। रेलवे की ओर से आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि ट्रेन के डिब्बों में आग किस वजह से लगी। फिलहाल घटना में कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, ट्रेन में सबसे पहले एक डिब्बे में आग लगी थी। आग तेजी से फैलते हुए ट्रेन के चार डिब्बों तक पहुंच गई। चारों बोगियों से उठता काला धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। आग इतनी भयानक थी कि डिब्बे धू-धू कर जलने लगे। देखते ही देखते यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए ट्रेन से बाहर निकलने लगे। शुरुआती जानकारी में किसी यात्री की जान जाने की खबर सामने नहीं आई है।

ट्रेन से बाहर कूदे यात्री, वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया

ट्रेन में आग फैलने के बाद यात्रियों के बीच दहशत का माहौल बन गया। लोग अपना सामान छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। लोको पायलट ने समय रहते ट्रेन रोक दी, जिससे यात्रियों को बाहर निकलने का मौका मिल गया। रेलवे अधिकारियों को भी हादसे की जानकारी दे दी गई है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। रेलवे और संबंधित अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं।

जालंधर में कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल यात्रा पर निकले पूर्व आईआरएस राजीव कौशल का स्वागत

- 40 दिन के लिए कश्मीर से 1 नंवबर को साइकिल यात्रा शुरू की

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादल: कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल यात्रा पर निकले पूर्व IRS अधिकारी राजीव कौशल का जालंधर स्थित ष्टस्स्ञ कमिश्नरेट भवन में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि लोगों में फिटनेस के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए यह साइकिल यात्रा शुरू की है। इस यात्रा का सिर्फ एक ही



उद्देश्य है कि लोगों को जितना हो सके उतना हेल्थ के लिए प्रेरित किया जा सके। पूर्व IRS अधिकारी राजीव कौशल ने बताया कि उन्होंने कश्मीर से 1 नंवबर को यह साइकिल यात्रा शुरू की और वह 40 दिन में कन्याकुमारी तक पहुंचकर इस यात्रा को पूरी करेंगे। 10 दिसंबर को अपने बर्थडे पर साइकिल यात्रा को खत्म करने का लक्ष्य है। इस मौके पर रमेश कुमार (कमिश्नर), सुखमनी संघा (ज्वाइंट कमिश्नर), तान्या बैंस (ज्वाइंट कमिश्नर), बिक्रम सिंह (असिस्टेंट कमिश्नर), अमृतपाल सिंह, जतिंदर भारद्वाज और ईशान भारद्वाज (सुपरिंटेंडेंट) सहित CGST कमिश्नरेट जालंधर के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सीबीआईसी पेंशनर्स एसो. के समस्त अधिकारी

इसके अलावा CBIC पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, चंडीगढ़ की ओर से सुरेंद्र पाल (ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी), एस.के. कलेर (सेक्रेटरी), राम प्रकाश (एग्जीक्यूटिव मेंबर), कुलविंदर सिंह और अर्जुन अवॉर्डी रणधीर सिंह धीरा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

लुधियाना में बीएमडब्ल्यू के अंदर मिला कारोबारी का शव, सिर में लगी थी गोली

- पुलिस ने निरीक्षण के बाद मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया
- परिवार ने बताया पुलिकत की किसी से भी दुश्मनी नहीं थी

जालंधर सिटी लाइव

कार के अंदर पुलकित खून से लथपथ हालत में मृत मिला



लुधियाना। लुधियाना के पॉश इलाके साउथ सिटी में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक BMW कार के अंदर 30 वर्षीय कारोबारी का खून से लथपथ शव मिला। युवक के माथे पर गोली लगी थी, जो सिर को आर-पार कर गई थी। मृतक की पहचान पुलकित के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब नियमित गश्त कर रही PCR टीम के कर्मी मौके पर पहुंचे तो कार के अंदर पुलकित खून से लथपथ हालत में मृत मिला। पुलिस ने परिवार को घटना की जानकारी दी और शव पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि गोली .45 बोर के लाइसेंसी हथियार से चली थी। गोली पुलकित के माथे पर लगी और सिर को पार कर गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मृतक का मोबाइल फोन भी कब्जे में ले लिया है। मोबाइल की जांच और कॉल डिटेल के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मौत से पहले पुलकित ने किन लोगों से बातचीत की थी।

परिवार बोला- किसी से भी नहीं थी दुश्मनी

पुलिस के मुताबिक, परिवार ने पूछताछ के दौरान बताया है कि पुलकित की किसी के साथ कोई दुश्मनी नहीं थी। उसने यह कदम क्यों उठाया, इस बारे में परिजन भी फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए हैं। पुलिस परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। इसके अलावा मोबाइल फोन की जांच, कॉल डिटेल और घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर मामले की पड़ताल की जा रही है।


पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ दर्ज किया मामला

फिरोजपुर। थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन सड हादसे में मारे गए युवकों के मामले में शिकायतकर्ता के बयान पर अज्ञात फॉर्चनर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई झिर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में अनमोल पुत्र शांति नंद वासी वार्ड नबंर 8 गली आर्या समाज मक्खू ने बताया कि वह बीते दिन अनमोल चोपड़ा, निखील चोपड़ा पुत्र नरेश कुमार वासी वार्ड नंबर 10 एसबीआई बैंक वाली गली मक्खू और कुनाल पुत्र यशपाल वासी वार्ड नंबर 6 हाल अबाद शिव कालोनी मक्खू के साथ स्वीफ्ट कार नंबर पीबी-47जी-8089 पर सवार होकर जा रहे थे तो रास्ते में भरावां दे ढाबे के पास कार मोड़ते समय मक्खू साईड से आ रही फार्चूनर गाड़ी नंबर पीबी-02ईयू-7628 के अज्ञात ड्राईवर ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

फिरोजपुर में कारोबारी के घर पर 18 दिन के भीतर दूसरी बार फायरिंग, सीसीटीवी फुटेज आया सामने

जालंधर सिटी लाइव

फिरोजपुर। फिरोजपुर में बेखौफ बदमाशों ने एक बार फिर किराना कारोबारी के घर को निशाना बनाया है। बाइक पर सवार होकर पहुंचे दो नकाबपोश युवकों ने घर के बाहर दो राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि करीब 18 दिन के भीतर कारोबारी के घर पर दूसरी बार गोलीबारी हुई है। कारोबारी ने इस संबंध में जिला पुलिस को शिकायत दी थी। जिस समय यह वारदात हुई, उस दौरान परिवार की



सुरक्षा में तैनात सरकारी गनमैन भी घर के अंदर मौजूद था। फायरिंग की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में बाइक पर सवार दो नकाबपोश युवक कारोबारी के घर के बाहर पहुंचते दिखाई देते हैं। बाइक के पीछे बैठा युवक नीचे उतरता है और सीधे घर के मुख्य गेट की तरफ बढ़ता है। वह दो राउंड फायरिंग करता है। कुछ ही पलों में दोनों आरोपी बाइक पर सवार होकर वहां से भाग निकलते हैं।

विदेशी नंबरों से मांगी गई रकम

किराना स्टोर चलाने वाले कारोबारी मुनीश चोपड़ा को फायरिंग की घटना से पहले विदेशी फोन नंबरों से फिरौती के लिए कॉल आई थी। कॉल करने वालों ने उनसे लाखों रुपये की मांग की थी। कथित तौर पर रकम का इंतजाम करने के लिए 20 दिन का समय भी दिया गया था।

जालंधर नेशनल हाईवे पर खड़े थ्री-व्हीलर से टकराई टैक्सी, हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल

- सवारियां घायल हो गई हैं, पर गनीमत रही किसी का जानी नुकसान नहीं हुआ
- टैक्सी पटियाला से ब्यास जा रही थी, इस हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिनः जालंधर के गोराया में नेशनल हाईवे पर एक टैक्सी वहां खड़े थ्री-व्हीलर से टकरा गई। हादसे में सवारियां घायल हो गई हैं, पर गनीमत रही किसी का जानी नुकसान नहीं हुआ। टैक्सी पटियाला से ब्यास जा रही थी। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को दोबारा से शुरू




करवाया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में 4 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों की मदद से घायलों को संभाला गया और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस फिलहाल मामले की कानूनी कार्रवाई कर रही है। टैक्सी ड्राइवर रणजीत सिंह ने बताया कि 4 सवारियों को लेकर पटियाला से ब्यास जा रहे थे। इसी दौरान गोराया के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उसकी टैक्सी को साइड मार दी। जिस कारण सवारियों को बचाने के कारण गाड़ी मोड़ दी और वह आगे खड़े थ्री-व्हीलर में टकरा गई।

लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

हादसे के कारण नेशनल हाईवे पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं और ट्रैफिक जाम हो गया। सूचना मिलते ही गोराया थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन और स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटवाया और ट्रैफिक को दोबारा शुरू कराया।

अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की धमकी, मुंबई में हाई अलर्ट!

मुंबई में एक बार फिर बम धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। धमकी भरे ईमेल में बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित बंगले 'जलसा' के अलावा मुंबई के तीन अन्य प्रमुख स्थानों का जिक्र किया है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, वर्ली रेसकोर्स और बॉम्बे हाईकोर्ट शामिल हैं। मुंबई पुलिस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर नजर बनाए हैं। वहीं, संबंधित स्थानों की निगरानी बढ़ाई गई है। अमिताभ बच्चन के बंगले को इससे पहले भी बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। 23 अक्टूबर को मुंबई की मेयर रितु तावड़े को एक धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। उस ईमेल में भी जलसा बंगले को निशाना बनाने की धमकी दी गई थी। लगातार मिल रही धमकियों के मद्देनजर मुंबई पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मामले को गंभीरता से ले रही हैं। ईमेल की जांच की जा रही है और धमकी भेजने वाले की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।



06-11-2026_Layout 1 07-11-2026 01:40 Page 2


हजारों दीप जलें, हर हृदय में ज्ञान का प्रकाश हो : श्री श्री रवि शंकर

शुद्ध चेतना के लिए हर हृदय में ज्ञान और प्रेम का दीप जलाएं तथा प्रत्येक चेहरे पर मुस्कान लाएं

- जीवन के प्रत्येक पक्ष को हमारे ध्यान और ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता
- जागिए और देखिए जीवन हर पल नया है, अतीत का अंधकार मिट जाता है
- मन में संचित नकारात्मक भावनाओं को छोड़ने का अवसर देता है दीपावली

जालंधर सिटी लाइव

जब हम 'मुझे कुछ नहीं चाहिए' के भाव में जीने लगते हैं, तब सबकुछ स्वतः हमारे पास आने लगता है। समृद्धि सबसे पहले मन की अवस्था है। जब हम अपने पास जो कुछ है, उसे देखना और उसके प्रति कृतज्ञ होना सीखते हैं, तब जीवन में समृद्धि का विस्तार होने लगता है। दीपावली पर जले दीपों की पंक्तियां हमें स्मरण कराती हैं कि जीवन के प्रत्येक पक्ष को हमारे ध्यान और ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता है। यद्यपि हम सभी के भीतर गहराई में शुद्ध चेतना का प्रकाश विद्यमान है, लेकिन उसे अपने आचरण और व्यवहार में भी प्रकट करना आवश्यक है। यह तभी संभव है, जब हम प्रत्येक हृदय में ज्ञान और प्रेम का दीप जलाएं तथा प्रत्येक चेहरे पर मुस्कान लाएं। हमें केवल एक दीप से संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि हजारों दीप जलाने चाहिए। इसी तरह, ज्ञान का प्रकाश फैलाना आवश्यक है। अंधकार का अपना अस्तित्व नहीं होता। वह तो केवल प्रकाश का अभाव है। मान लीजिए, कोई कमरा बीस वर्षों से अंधकार में डूबा है, तो वहां केवल एक दीप जलते ही अंधकार अपने आप दूर हो जाता है। जागिए और देखिए जीवन हर पल नया है। ज्ञान का प्रकाश होते ही अतीत का अंधकार स्वतः मिट जाता है। प्रत्येक मनुष्य में कुछ न कुछ अच्छे गुण अवश्य होते हैं। हमारे द्वारा जलाया जाने वाला प्रत्येक दीप इन्हीं सद्गुणों का प्रतीक है। किसी में धैर्य है, किसी में प्रेम, किसी में साहस, तो किसी में उदारता। कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिनमें लोगों को एकजुट करने की विशेष क्षमता होती है। हमारे भीतर छिपे ये सद्गुण एक प्रज्वलित दीप के समान हैं। आवश्यकता केवल उन्हें पहचानने और प्रकट करने की है। दीपावली ऐसा पर्व है, जो हमारी बुद्धि और हृदय दोनों को स्पर्श करता है तथा हमें अपने आसपास के लोगों की सेवा करने की प्रेरणा देता है। भावनात्मक स्तर पर यह पर्व हमें बीती बातों से उपजी गलतफहमियों और मन में संचित नकारात्मक भावनाओं को छोड़ने का अवसर देता है। दीपावली वह समय है, जब हम अपने जीवन में प्राप्त ज्ञान और अनुभवों को स्वीकार करते हुए एक नई शुरुआत का स्वागत करते हैं। उत्सव मनाना आत्मा का स्वभाव है और जीवन में उत्सव मनाने का हर अवसर शुभ है। प्राचीन ऋषियों ने प्रत्येक उत्सव को आध्यात्मिक पवित्रता से जोड़ा, ताकि हम केवल बाहरी गतिविधियों में ही न उलझकर रह जाएं। धार्मिक अनुष्ठानों और परंपराओं का पालन करना वास्तव में परमात्मा के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का एक माध्यम है। इससे उत्सव में गहराई और सार्थकता आती है।



समृद्धि के प्रति कृतज्ञता का दीप जलाएं

जो ज्ञान में स्थित है, उसके लिए हर पल और हर दिन दीपावली है। हमें ज्ञान के साथ मानवता की सेवा का संकल्प लेना चाहिए। अपने हृदय में प्रेम का दीप जलाएं, अपने घर में समृद्धि का दीप प्रज्वलित करें, दूसरों की सेवा के लिए करुणा का दीप जलाएं, अज्ञान के अंधकार को दूर करने के लिए ज्ञान का दीप जलाएं और परमात्मा द्वारा प्रदान की गई समृद्धि के प्रति कृतज्ञता का दीप प्रज्वलित करें।

हमें जो चाहिए, वह पहले से ही हमारे पास है, संपन्नता साकार करने का रहस्य : श्री श्री रवि शंकर

जालंधर सिटी लाइव

प्रत्येक व्यक्ति प्रकाश का एक स्रोत है। जब तक हर मनुष्य अपने भीतर छिपे इस प्रकाश को नहीं पा लेता, तब तक समाज का अंधकार कभी दूर नहीं हो सकता। धनतेरस और दीपावली वह समय है जब आप संपन्नता का अनुभव करते हैं। यह परंपरा है कि हम अपनी अर्जित संपत्ति सामने रखकर उसकी प्रचुरता का अनुभव करें। जब हम अपना ध्यान प्रचुरता पर केंद्रित करते हैं, तो वह स्वतः बढ़ती है। हर किसी को संतुष्टि और संपन्नता का अनुभव करना चाहिए। हमें इस भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए कि हमें जो चाहिए, वह पहले से ही हमारे पास है। हमें स्वयं को याद दिलाना चाहिए कि हम समृद्ध हैं। यह एक ऐसा उत्सव है जहां आप सबसे पहले अपनी चेतना में यह बीज बोते हैं कि 'आप समृद्ध हैं और आपके पास प्रचुरता है।'

भगवान धन्वंतरि ने विश्व को आयुर्वेद का उपहार दिया

यह वह पवित्र समय भी है जब हम भगवान धन्वंतरि की पूजा करते हैं, जिन्होंने विश्व को आयुर्वेद का उपहार दिया। चिकित्सा की प्राचीन प्रणाली, आयुर्वेद हमें समग्र रूप से स्वस्थ रहने में सहायता करती है। अपने स्वास्थ्य को पुष्ट और रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। आयुर्वेद



हमें स्वयं को सबल बनाए रखने के लिए जड़ी-बूटियों, रसायनों और शरीर की शुद्धि का ज्ञान प्रदान करता है।

सुखी स्वस्थ समाज के लिए सर्वांगीण कल्याण अनिवार्य

एक शांतिपूर्ण और सुखी समाज के लिए सर्वांगीण कल्याण अनिवार्य है। वास्तव में, प्रसन्नता स्वास्थ्य का ही अंग है। जब तक लोग प्रसन्न नहीं हैं, तब तक उन्हें स्वस्थ नहीं माना जा सकता। समग्र स्वास्थ्य का अर्थ है मुस्कुराते हुए चेहरे, करुणा और अपनेपन की भावना। अपने आस-पास के सभी लोगों के साथ जुड़ाव महसूस करना। ये गुण हमारी चेतना में अंतर्निहित हैं। दीपावली वह समय है जब हम इसे पहचानते हैं और सकारात्मकता के बीज बोते हैं।

योग सूत्रों में 'मूर्धज्योतिषि सिद्धदर्शनम् : महर्षि पतंजलि

- जब हम अपना ध्यान प्रचुरता पर केंद्रित करते हैं, तो वह स्वतः बढ़ती है
- एक शांतिपूर्ण और सुखी समाज के लिए सर्वांगीण कल्याण अनिवार्य है
- समग्र स्वास्थ्य का अर्थ मुस्कुराते चेहरे, करुणा और अपनेपन की भावना
- प्रकाश पहचानना, अनुभव करना और स्मरण रखना ही दीपावली उत्सव

स्वयं के लिए प्रकाश बनें। योग सूत्रों में महर्षि पतंजलि कहते हैं, ''मूर्धज्योतिषि सिद्धदर्शनम्।'' इसका अर्थ है कि अपने भीतर के प्रकाश को पहचानते ही हम पूर्णता प्राप्त कर लेंगे। आप स्वयं एक प्रकाश हैं- इसे पहचानना, अनुभव करना और स्मरण रखना ही दीपावली का उत्सव है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम हर हृदय में ज्ञान और प्रेम का दीप जलाएंगे तथा हर चेहरे पर उज्ज्वल मुस्कान लाएंगे।

पंजाब बीजेपी ने ओबीसी मोर्चा के इंचार्ज-को-इंचार्ज नियुक्त किए



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादलः पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। चुनाव से पहले पार्टी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने और विभिन्न वर्गों तक अपनी पहुंच बढ़ाने में जुट गई है। इसी रणनीति के तहत भाजपा ने प्रदेश में ह्वष्ट मोर्चा के 33 जिला इंचार्ज और को-इंचार्ज की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह जालंधर में तरुण जस्सी, जालंधर नॉर्थ में कमलजीत फ्लोरा और जालंधर साउथ में विजय कुमार बिल्ला को इंचार्ज नियुक्त किया गया है। जारी सूची के अनुसार, लुधियाना अर्बन में जरनैल सिंह हैप्पी को इंचार्ज और परमजीत सिंह खालसा को को-इंचार्ज बनाया गया है। लुधियाना रूरल में लाल सिंह लाली को इंचार्ज और हरमिंदर सिंह को को-इंचार्ज की जिम्मेदारी दी गई है। पटियाला में श्याम गुज्जर को इंचार्ज और जरनैल सिंह सैनी को को-इंचार्ज बनाया गया है। पटियाला

- पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का संगठन विस्तार, 33 नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी
- भारतीय जनता पार्टी ने अपनी संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं
- संगठन मजबूत करने और विभिन्न वर्गों तक पहुंच बढ़ाने में जुटी पार्टी
- पटियाला नॉर्थ में गुरदर्शन सैनी और साउथ में तेजिंदर कौर को जिम्मा

नॉर्थ में गुरदर्शन सैनी और पटियाला साउथ में तेजिंदर कौर को जिम्मेदारी दी गई है। अमृतसर में संदीप वर्मा, अमृतसर-2 में जसमीट आहलूवालिया, बठिंडा रूरल में पवन यादव, मालेरकोटला में अनिल पाल, मोहाली में संदीप भाटिया, संगरूर-1 में परविंदर सिंह खुरमी और संगरूर-2 में प्रदीप चौधरी को इंचार्ज बनाया गया है।

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला की कुर्सी पर संकट

एसी के 25 नाराज विधायक दे सकते हैं इस्तीफा

- पहली मांग-सीएम के सलाहकार नासिर सोगमी को उनके पद से हटाने की मांग
- दूसरी मांग-डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी से सड़क निर्माण विभाग वापस लिया जाए

जालंधर सिटी लाइव

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर की राजनीति में बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के करीब 25 नाराज विधायकों ने अपनी मांगें पूरी करने के लिए अल्टीमेटम दिया है। सूत्रों के मुताबिक, अगर उनकी मांगों पर सहमति नहीं बनती तो ये विधायक इस्तीफा जैसा बड़ा कदम उठा सकते हैं। घटनाक्रम ने जम्मू-कश्मीर की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। विधायकों की नाराजगी दूर करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर में पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के आवास पर अहम बैठक बुलाई गई। इसमें 24 विधायक शामिल होने पहुंचे। बैठक में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और फारूक अब्दुल्ला भी मौजूद हैं। हालांकि, विधायक मुजफ्फर खान और कुछ निर्दलीय विधायक इस बैठक में शामिल नहीं हुए।



सीएम के सलाहकार को हटाने समेत रखीं बड़ी मांगें

नाराज विधायकों ने सरकार और संगठन के सामने कई मांगें रखी हैं। इनमें मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगमी को उनके पद से हटाने की मांग प्रमुख है। इसके अलावा विधायक चाहते हैं कि डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी से सड़क निर्माण विभाग वापस लिया जाए या उन्हें उपमुख्यमंत्री के पद से ही हटाया जाए। विधायकों की तीसरी प्रमुख मांग सरकार से जुड़े लोगों पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की है।

पंजाब-हरियाणा को हिमाचल को देनी होगी बिजली, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

- बिजली परियोजनाओं से जुड़े दशकों पुराने विवाद पर अहम फैसला आया है
- हिमाचल प्रदेश को 20 साल में कुल 11,973 मिलियन यूनिट बिजली मिलेगी

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब और हरियाणा के बीच भाखड़ा-नांगल और ब्यास बिजली परियोजनाओं से जुड़े दशकों पुराने विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला लिया है। इस फैसले के तहत हिमाचल प्रदेश को अगले 20 सालों में पंजाब और हरियाणा से कुल 11,973 मिलियन यूनिट (रू) बिजली मिलेगी। इस फैसले से तीनों राज्यों के बीच लंबे समय से चले आ रहे बिजली बंटवारे के विवाद को सुलझाने का रास्ता साफ हो गया है। इस मामले में सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (CEA) ने भाखड़ा-नांगल और ब्यास परियोजनाओं में हिमाचल प्रदेश की पुरानी बिजली हिस्सेदारी 13,066 मिलियन यूनिट आंकी थी।



हिमाचल को मिलेगा 7.19 प्रतिशत बिजली का हिस्सा

दरअसल, *भाखड़ा-नांगल और ब्यास परियोजनाओं में हिमाचल प्रदेश लंबे समय से अपने हिस्से की बिजली की मांग कर रहा था। राज्य का दावा था कि इन परियोजनाओं में उसका 7.19 प्रतिशत हिस्सा बनता है। साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने भी हिमाचल प्रदेश के 7.19 प्रतिशत बिजली हिस्से के अधिकार को मान्यता दी थी। अब इस विवाद को सुलझाने के लिए बिजली के रूप में बकाया चुकाने की व्यवस्था तय की गई है।*





06-11-2026_Layout 1 07-11-2026 01:40 Page 3

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

परविंदर झोटा के पिता ने शुरू की भूख हड़ताल

एसएसपी नहीं हटे तो जान चली जाए, अन्न का दाना भी नहीं खाऊंगा

- स्क्कको हटाने को लेकर बातचीत हुई थी, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं किया गया
- जब तक स्क्कवैभव चौधरी को नहीं हटाया जाता, तब तक अन्न का दाना ग्रहण नहीं करेंगे
- दूसरी तरफ, चंडीगढ़ स्थित पीजीआई में परविंदर झोटा के शव का पोस्टमॉर्टम शुरू कर दिया

जालंधर सिटी लाइव

मानसा। मानसा के नशा विरोधी एक्टिविस्ट परविंदर झोटा की मौत के बाद अब उनके परिवार ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनके पिता भीम सिंह ने स्क्कवैभव चौधरी को पद से हटाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। उनका कहना है कि कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां और विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां के साथ हुई बैठक में स्क्कको हटाने को लेकर बातचीत हुई थी, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं किया गया। जब तक स्क्क वैभव चौधरी को नहीं हटाया जाता, तब तक वह अन्न का एक दाना भी ग्रहण नहीं करेंगे। चाहे उनकी जान ही क्यों न चली जाए, वह अपनी मांग से पीछे नहीं हटेंगे। भीम सिंह का आरोप है कि अगर मानसा पुलिस के स्क्क वैभव चौधरी ने नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की होती तो उनके बेटे परविंदर झोटा की हत्या की नौबत नहीं आती। नशे के खिलाफ कार्रवाई में लापरवाही के कारण उनके परिवार को यह दुख झेलना पड़ा है। परिवार की मांग है कि स्क्कको तत्काल पद से हटाया जाए। भीम सिंह ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी।



चंडीगढ़ पीजीआई में परविंदर झोटा के शव का पोस्टमॉर्टम

दूसरी तरफ, चंडीगढ़ स्थित PGI में परविंदर झोटा के शव का पोस्टमॉर्टम शुरू कर दिया गया है। इस प्रक्रिया के दौरान अस्पताल परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। परविंदर का शव वीरवार रात करीब 12 बजे मानसा से चंडीगढ़ भेजा गया था। अब पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिवार को सौंपा जाएगा।

अमृतसर में पाकिस्तान से जुड़े तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश, 2 उजी गन और 11 किलो हेरोइन बरामद

7 आरोपी गिरफ्तार, दो हैंड ग्रेनेड भी मिले, विदेशी तस्करों से संपर्क होने का शक

जालंधर सिटी लाइव

अमृतसर। पंजाब में नशा तस्करी और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाइयों में दो इजरायल निर्मित 9 एमएम उजी सबमशीन गन, दो हैंड ग्रेनेड और 11 किलो हेरोइन बरामद की है। इस मामले में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, हथियारों की बरामदगी के मामले में कोट खालसा के रहने वाले सूरज सिंह, राजन और गुरबेज सिंह उर्फ वेरू को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से दो अत्याधुनिक उजी गन और दो जिंदा हैंड ग्रेनेड बरामद हुए हैं। वहीं, नशा तस्करी के दो अन्य मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 11 किलो हेरोइन जब्त की गई है। शुरुआती जांच में आरोपियों के पाकिस्तान स्थित तस्करों और उनके भारतीय सहयोगियों से जुड़े नेटवर्क के संपर्क में होने की आशंका जताई गई है। पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों, हथियारों की सप्लाई और नशे की तस्करी के पीछे सक्रिय लोगों की पहचान करने में जुटी है। इस बरामदगी ने सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय हथियार और नशा तस्करी नेटवर्क को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।



बरामद दो उजी गन, हैंड ग्रेनेड और हेरोइन के साथ पुलिस की तस्वीर।

सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की विभिन्न शाखाओं में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई दवाली











जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। खुशियों, उमंग और आपसी भाईचारे के माहौल में सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की विभिन्न शाखाओं में दिवाली का त्योहार बड़े उत्साह, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों के बीच सकारात्मकता, एकता और आपसी सद्भाव का संदेश देने के उद्देश्य से विभिन्न रंगारंग एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने दीया सजावट, रंगोली बनाने की प्रतियोगिताओं, मोमबत्ती सजावट, पोस्टर मेकिंग, रचनात्मक कला एवं शिल्प गतिविधियों, पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थान के परिसरों को रंग-बिरंगी रंगोलियों, फूलों, रोशनी और आकर्षक सजावटी वस्तुओं से खूबसूरती से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का रंग देखने को मिला। विद्यार्थियों ने भाषणों, कविताओं और प्रस्तुतियों के माध्यम से दिवाली के महत्व को भी साझा किया तथा बुराई पर अच्छाई की जीत और समाज में प्रकाश, शांति एवं खुशियां फैलाने का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा ने सभी स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों और उनके परिवारों को दिवाली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और सफलता की कामना की।

के.एम.वी. ने मनाई पर्यावरण-अनुकूल दिवाली; हरित संदेश फैलाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। कन्या महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) द्वारा विद्यार्थी कल्याण विभाग के तत्वावधान में पर्यावरण-अनुकूल 'हरित एवं स्वच्छ दिवाली' मनाने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना, त्योहारों को टिकाऊ एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों के उपयोग को हतोत्साहित करना था। इस अवसर पर उत्साह से भरी बड़ी संख्या में छात्राओं, एन.सी.सी. कैडेट्स और शिक्षकों ने भाग लिया। सभी के हाथों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रंग-बिरंगे, स्वयं निर्मित पोस्टर, बैनर और तख्तियां थीं। छात्राओं ने 'हरित दिवाली, स्वच्छ दिवाली' और 'पटाखों को कहें ना' जैसे उत्साहपूर्ण नारे लगाकर आम जनता को प्रकाश के इस पर्व को जिम्मेदारीपूर्वक मनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने, एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का त्याग करने तथा त्योहारों के दौरान पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने की सामूहिक शपथ भी ली। संस्था की डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने हरित रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने सभी से अपील की कि वे घरों को अत्यधिक बिजली की लाइटों से सजाने के बजाय पारंपरिक मिट्टी के दीये जलाएं, पटाखों से परहेज करके प्रदूषण को कम करें तथा जरूरतमंद लोगों को उपहार और सहायता प्रदान करके त्योहारों की खुशियां साझा करें। उन्होंने इस जागरूकता अभियान को सफलतापूर्वक आयोजित करने तथा युवा पीढ़ी को पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु विद्यार्थी कल्याण विभाग और फैकल्टी कोऑर्डिनेटर्स के प्रयासों की सराहना की।



पंजाब में पराली जलाने के 2,787 मामले सामने आए, 46.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब में धान की पराली जलाने की घटनाएं लगातार प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (PPCB) की 5 नवंबर तक की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में पराली जलाने के कुल 2,787 मामले सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई तेज करते हुए 710 एफआईआर दर्ज की हैं और 46.10 लाख रुपये का पर्यावरणीय जुर्माना लगाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में 2,194 स्थानों पर जांच की गई, जिनमें 994 स्थानों पर पराली जलाने की पुष्टि हुई। कुल 914 मामलों में 46.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।



तरनतारन में सबसे ज्यादा मामले

जिला स्तर पर तरनतारन 586 मामलों के साथ पहले स्थान पर है। फिरोजपुर में 361, संगरूर में 240, अमृतसर में 221 और बठिंडा में 216 मामले सामने आए हैं। पटियाला जिले में भी पराली जलाने के 156 मामले दर्ज किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार पंजाब में धान की कुल 32.87 लाख हेक्टेयर खेती में से 5 नवंबर तक 87.60 प्रतिशत फसल की कटाई पूरी हो चुकी थी। पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए प्रशासन की ओर से निगरानी और कार्रवाई जारी है। इसके बावजूद राज्य के कई जिलों में खेतों में आग लगाने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

जालंधर के पटाखा व्यापारियों की बढ़ी मुश्किलें! 3 दिन में करोड़ों का स्टॉक बेचने की चिंता

मार्केट लगाने को लेकर लंबी खींचतान के बाद आखिर राओवाली की मार्केट सजी

- पठानकोट बाईपास के नजदीक स्थापित इस मार्केट में पटाखों की बिक्री भी शुरू
- अब दुकानदारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती करोड़ों का पटाखा स्टॉक बेचने की
- बिक्री शुरू करने में हुई देरी के कारण कारोबार के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला
- बड़े केंद्रों पर अब ज्यादातर कारोबारी ग्रीन पटाखों का उत्पादन व सप्लाई कर रहे



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। जालंधर में पटाखा मार्केट लगाने को लेकर लंबी खींचतान के बाद आखिर राओवाली की मार्केट सज गई है। पठानकोट बाईपास के नजदीक स्थापित इस मार्केट में पटाखों की बिक्री भी शुरू हो गई। हालांकि, दुकानदारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती करोड़ों का पटाखा स्टॉक बेचने की है। व्यापारियों का कहना है कि बिक्री शुरू करने में हुई देरी के कारण उन्हें कारोबार के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया। प्रशासन को पटाखा मार्केट के लिए स्थायी और नियमित व्यवस्था बनानी चाहिए, ताकि हर साल आखिरी समय में ऐसी स्थिति पैदा न हो। दुकानदारों के मुताबिक, उन्हें धनतेरस के दिन ही दुकानें तैयार करने का मौका मिला। ऐसे में महज तीन दिनों के भीतर करोड़ों रुपये का माल बेच पाना आसान नहीं होगा। व्यापारियों का कहना है कि अगर प्रशासन की ओर से पहले ही मार्केट को लेकर व्यवस्था कर दी जाती तो उन्हें कारोबार के लिए ज्यादा समय मिल सकता था। पटाखा कारोबारी विकास भंडारी ने बताया कि व्यापारियों को पूरे साल दिवाली के त्योहार का इंतजार रहता है। यह उनके कारोबार का सबसे महत्वपूर्ण सीजन होता है, लेकिन त्योहार नजदीक आते ही दुकान हासिल करने से लेकर लाइसेंस और अन्य औपचारिकताएं पूरी करने तक कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस बार ग्रीन पटाखों की बिक्री पर ही दारोमदार

इस बार पटाखा मार्केट में ग्रीन पटाखों की बिक्री को प्राथमिकता दी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि पटाखों के निर्माण के बड़े केंद्रों पर अब ज्यादातर कारोबारी ग्रीन पटाखों का उत्पादन और सप्लाई कर रहे हैं। इसी वजह से जालंधर के दुकानदार भी बाजार में मुख्य रूप से ग्रीन पटाखे ही उपलब्ध करवा रहे हैं।

एच.एम.वी. में युवा मतदाताओं के लिए मतदाता पंजीकरण शिविर आयोजित

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। हंस राज महिला महाविद्यालय, जालंधर द्वारा चुनाव पंजीकरण अधिकारी, 0×5 जालंधर सेंट्रल के कार्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार कॉलेज एवं स्कूल सेक्शन के 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विद्यार्थियों के लिए मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को नए मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाने तथा वोटर कार्ड प्राप्त करने के लिए फॉर्म नंबर 6 भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) एकता खोसला ने विद्यार्थियों को इस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समय रहते अपना पंजीकरण करवाना चाहिए, ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के जागरूक, जिम्मेदार एवं सक्रिय नागरिक बन सकें। इस अवसर पर इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की नोडल अधिकारी श्रीमती अलका तथा राजनीति शास्त्र विभाग की फैकल्टी सदस्य डॉ. जीवन देवी ने विद्यार्थियों को फॉर्म नंबर 6 भरने की प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया। श्रीमती रोमा भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।



06-11-2026_Layout 1 07-11-2026 01:40 Page 4

सीटी ग्रुप में 'जश्न-ए-दिवाली 2.0' की धूम

पंजाबी गायक निंजा की लाइव प्रस्तुति ने बांधा समां

3,500 से अधिक लोगों की शानदार भागीदारी से सजा भव्य उत्सव



तब्दील









जालंधरः सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मकसूदां में भव्य दिवाली समारोह 'जश्न-ए-दिवाली 2.0' हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रबंधन, अतिथियों और परिवारों सहित लगभग 3,500 लोगों ने भाग लिया। पूरा परिसर संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, फैशन, मनोरंजन, खान-पान और रोमांचक गतिविधियों से सराबोर उत्सव स्थल में हो गया।

समारोह में सरदारनी परमिंदर कौर चन्नी, डॉ. मनबीर सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती तनिका के साथ; श्री हरप्रीत सिंह, वाइस चेयरमैन, को वाइस-चेयरपर्सन एडवोकेट मनजिंदर कौर के साथ; डॉ. नितिन टंडन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर तथा डॉ. अनुराग शर्मा, कैंपस डायरेक्टर सहित कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। समारोह का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध पंजाबी गायक निंजा की शानदार लाइव प्रस्तुति रही। उनके लोकप्रिय पंजाबी गीतों और दमदार गायकी ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों ने उनके गीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया और सामूहिक गायन के साथ इस संगीतमय शाम को यादगार बना दिया। उनकी प्रस्तुति समारोह का भव्य समापन रही। इसके अतिरिक्त पंजाबी गायिका मन्नत नूर और 'वॉइस ऑफ पंजाब मास्टर चैप ङ्क एक ते एक ग्यारह' के विजेता शबद अरोड़ा ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। उत्सव में आयोजित फ्रेशर्स फैशन परेड में नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने रैंप पर अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और आकर्षक परिधान शैली का प्रदर्शन किया। इसमें डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस ने ओवरऑल ट्रॉफी, जबकि कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) विभाग ने रनर-अप ट्रॉफी हासिल की। इस आयोजन ने नए विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में जादू के आकर्षक प्रदर्शन, डीजे प्रस्तुतियों, रोमांचक झूलों, मनोरंजक गतिविधियों, स्वादिष्ट व्यंजनों, खरीदारी और विभिन्न गतिविधि स्टॉलों ने भी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके साथ ही 2.5 लाख तक के आकर्षक पुरस्कारों वाली लकी ड्रॉ प्रतियोगिता समारोह का एक अन्य प्रमुख आकर्षण रही। इस अवसर पर सरदार चरनजीत सिंह चन्नी, चेयरमैन, सीटी ग्रुप ने आयोजन टीम को बधाई देते हुए कहा कि त्योहार आपसी प्रेम, सांस्कृतिक मूल्यों, एकता और सद्भाव को मजबूत करने का माध्यम हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों, शिक्षकों और परिवारों को एक साझा मंच पर लाकर सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। डॉ. मनबीर सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर, ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ ऐसे अनुभव विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, सांस्कृतिक जागरूकता और संस्थान के प्रति अपनत्व की भावना विकसित करते हैं। श्री हरप्रीत सिंह, वाइस चेयरमैन, ने विद्यार्थियों के उत्साह और आयोजन टीम के सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहते हुए ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। डॉ. नितिन टंडन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, ने आयोजन के सफल संचालन की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा, मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों को जोड़ने वाले मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. अनुराग शर्मा, कैंपस डायरेक्टर, मकसूदां कैंपस, ने प्रबंधन, अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन टीम और विद्यार्थी स्वयंसेवकों के समर्पण एवं सामूहिक प्रयासों की सराहना की। लगभग 3,500 लोगों की सहभागिता, निंजा, मन्नत नूर और शबद अरोड़ा की शानदार प्रस्तुतियों, फैशन परेड, जादू के प्रदर्शन, डीजे, झूलों, खान-पान एवं खरीदारी स्टॉलों और 2.5 लाख तक के लकी ड्रॉ पुरस्कारों ने 'जश्न-ए-दिवाली 2.0' को यादगार बना दिया। इस आयोजन ने सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, सामुदायिक एकता और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के प्रति सीटी ग्रुप की प्रतिबद्धता को एक बार फिर सुदृढ़ किया।

हॉकी में भारत का दबदबा बरकरार, जापान को 4-1 से रौंदकर छठी बार बना एशियन चैंपियन

मोहाली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में भारत ने जापान को 4-1 से हराकर छठी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने लगातार तीसरी बार खिताब जीतकर एशियाई हॉकी में अपना दबदबा कायम रखा। मुकाबले की शुरुआत में जापान ने आक्रामक खेल दिखाते हुए तीसरे मिनट में पहला गोल कर भारत पर दबाव बना दिया। पहले हाफ तक जापान 1-0 से आगे रहा, लेकिन दूसरे हाफ में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार वापसी की। शिलानंद लकड़ा ने 42वें मिनट में गोल कर भारत को बराबरी दिलाई। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 48वें मिनट में दूसरा गोल किया। जुगराज सिंह ने 53वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा, जबकि विवेक सागर प्रसाद ने 54वें मिनट में चौथा गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।



